संख्याः (XIV) (23)/75 फिन (एल0ए0) खण्ड–14–6140–6412
हिमाचल प्रदेश सरकार,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग

प्रेषकः

निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009

प्रेषितः

निदेशक,
सैनिक कल्याण हमीरपुर,
जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश

दिनांक, शिमला–171009 ......19.10.2015................

***विषयः*** ***निदेशालय, सैनिक कल्याण हमीरपुर की विभिन्न निधियों के लेखाओं की अवधि 1.4.2013 से 31.3.2015 के अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन बारे***

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में निदेशालय सैनिक कल्याण हमीरपुर की पुनर्वास एवं पुनःस्थापना निधि, राष्ट्रीय सुरक्षा अकादमी निधि, पुस्तकालय निधि, वित्तीय सहायता निधि, झण्डा दिवस निधि, सैनिक छात्रालय निधि, शूरवीर हितैषी निधि, की अवधि 1.4.2013 से 31.3.2015 के लेखाओं के अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन की प्रतियाँ इस पत्र के साथ संलग्न करके इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि इन अंकेक्षण प्रतिवेदनों पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर एक माह के भीतर भिजवाना सुनिश्चित किया जाए।

भवदीय,

हस्ता/–

उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

पृष्ठांकन संख्या :– –यथोपरि– दिनांक, शिमला–171009.
प्रतिलिपिः–
(1) उप सचिव (सामान्य प्रशासन विभाग) हिमाचल प्रदेश शिमला–02
(2) श्री अजीत सिंह, अनुभाग अधिकारी द्वारा..........

हस्ता/–
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

# निदेशालय सैनिक कल्याण विभाग हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश की वित्तीय सहायता निधि लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 4/2013 से 3/2015

## भाग–एक

**1 गत अंकेक्षण प्रतिवेदन**

निदेशालय द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों पैरों पर की गई कार्रवाई की वर्तमान अंकेक्षण के दौरान समीक्षा करने के उपरान्त नवीनतम स्थिति का विवरण **परिशिष्ट "A"** पर दिया गया है।

## भाग–दो

**2 वर्तमान अंकेक्षण**

संस्था की वित्तीय सहायता निधि के अवधि 4/2013 से 3/2015 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण, जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में वर्णित हैं, श्री अजीत सिंह, अनुभाग अधिकारी द्वारा दिनाँक 13.7.2015 को हमीरपुर में किया गया। निधि लेखाओं की विस्तृत जांच हेतु चयनित मासों का विवरण निम्नलिखित हैः–

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2013–14 | 12/2013 | – |
| 2014–15 | 3/2015 | – |

**अंकेक्षणाधीन अवधि में निदेशालय में कार्यरत्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का विवरण निम्नानुसार हैः–**

| क्र0सं0 | अधिकारी का नाम | | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री राकेश कुमार कोरला | (HAS) | 14.03.13 से 06.10.13 |
| 2 | सुश्री सोनिया ठाकुर | (HAS) | 07.10.13 से 10.10.13 |
| 3 | श्री बलवीर ठाकुर | (HAS) | 10.10.13 से 21.01.14 |
| 4 | श्री नरेश कुमार | (HAS) | 22.01.14 से 23.06.14 |
| 5 | श्री चमन लाल | (HAS) | 24.06.14 से 18.11.14 |
| 6 | श्री राकेश वर्मा | (HAS) | 19.11.14 से अद्यतन |

इस अंकेक्षण प्रतिवेदन को निदेशालय, सैनिक कल्याण विभाग, हिमाचल प्रदेश हमीरपुर द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं के आधार पर तैयार किया गया है। स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग उक्त संस्थान द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी भी प्रकार की गलत सूचना अथवा सूचना जो प्रदान नहीं की गई है, की जिम्मेवारी लेने से इन्कार करता है।

**3 अंकेक्षण शुल्क**

वित्तीय सहायता निधि के अवधि 4/2013 से 3/2015 के लेखों के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क का आंकलन ₹1000/– किया गया। उक्त राशि को रेखाकिंत बैंक ड्राफ्ट के

माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश शिमला–9 को भेजने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 579 दिनांक 17.7.2015 द्वारा निदेशक सैनिक कल्याण विभाग, हिमाचल प्रदेश हमीरपुर से अनुरोध किया है।

4 **वित्तीय स्थितिः–**

**(क)** संस्था द्वारा प्रस्तुत अंकेक्षणाधीन अवधि की वित्तीय सहायता निधि की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी, जिस का विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट "क–1 तथा क–2"** में दिया गया हैः–

**रोकड़ बही के अनुसार**

| **वर्ष** | **2013–14** | **2014–15** |
|---|---|---|
| **अथ शेष** | **1314204.08** | **1636799.08** |
| आय | 322595.00 | 548057.00 |
| **कुल राशि** | **1636799.08** | **2184856.08** |
| व्यय | शून्य | शून्य |
| **अन्तिम शेष** | **1636799.08** | **2184856.08** |

**(ख) बैंक खातों में जमा राशि**

| | |
|---|---|
| बचत खाते में जमा राशि **(परिशिष्ट "क–3")** | 424856.08 |
| सावधि जमा में राशि **(परिशिष्ट "क–4")** | 1760000.00 |
| **योग** | **2184856.00** |

5 **निधि में संचित राशि का उपयोग न करना**

उक्त निधि की वित्तीय स्थिति की विवेचना करने पर पाया गया कि निदेशालय, सैनिक कल्याण विभाग हमीरपुर द्वारा अंकेक्षणाधीन अवधि में इस निधि से सैनिकों के कल्याणार्थ कोई भी व्यय वित्तीय सहायता के रूप में नहीं किया गया है, जिससे इस निधि में संचित राशियों की उपयोगिता स्पष्ट नहीं हो सकी। अतः भविष्य में इस निधि का उपयोग नियमानुसार भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण हेतु किया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए।

6 **लघु आपत्ति विवरणिकाः–**इसे अलग से जारी नहीं किया है।

7 **निष्कर्षः–** निधि में संचित राशियों का उपयोग करने की आवश्यकता है।

उप निदेशक,<br>
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,<br>
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

## वित्तीय सहायता निधि

## गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों की स्थिति

## अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2013 से 3/2015 के अनुसार

**परिशिष्ट "A"** **पैरा संख्या 1**

**(क) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/91 से 3/92**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा–5 (2) | अनिर्णीत | |

**(ख) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2006 से 3/2008**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा–5 | निर्णीत | (संस्थान द्वारा दिए गए आश्वासन के दृष्टिगत) |

**(ग) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2011 से 3/2013**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा–3 | निर्णीत | (अंकेक्षण शुल्क की राशि भेजी दी गई है) |
| 2 | पैरा–4 | निर्णीत | (वित्तीय स्थिति पुनः प्रारूपित) |
| 3 | पैरा–5 | निर्णीत | (पैरा की नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 5 मे ंदी गई है) |